पाठ 6

# वचन

1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो -

क) वचन से आप क्या समझते है ? उदाहरण सहित लिखो।

उ॰- शब्द के जिस रूप से उसके एक या अनेक होने का पता चलता है, उसे वचन कहते हैं; जैसे- कलम- कलमें, बच्चा - बच्चे, माता- माताएँ आदि।

ख) वचन कितने प्रकार के होते हैं ? उनकी परिभाषा उदाहरण सहित लिखो -

उ॰- वचन दो प्रकार के होते हैं ?

(1) एकवचन

(2) बहुवचन

1 एकवचन - शब्द के जिस रूप से केवल एक ही व्यक्ति या वस्तु का पता चलता है, उसे एकवचन कहते हैं; जैसे - पुस्तक, लड़का आदि

2 बहुवचन - शब्द के जिस रूप से अनेक व्यक्ति या वस्तु का पता चलता है, उसे बहुवचन कहते हैं; जैसे - पुस्तकें, लड़के आदि।

2) रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर पुनः वाक्य बनाओ -

उ॰- क) लड़के फुटबॉल खेल रहे हैं।

ख) हमें बाजार से पुस्तके खरीदनी हैं।

ग) अध्यापिकाएँ कक्षा में पढ़ा रही हैं।

घ) मछलियाँ जल में तैर रही हैं।

ङ) बेटियाँ पराया धन होती हैं।

(1)

Date __/__/____ Page No.: ______

4 - बहुवचन के सही विकल्प पर घेरा ○ करो -

क कविता (कविताएँ) / कविताओ

ख लिपि (लिपियाँ) / लिपियो

ग सभा (सभाएँ) / सभाओ

घ कवि (कवि) / कवियो

5 निम्नलिखित शब्दों में से एकवचन और बहुवचन अलग करो -

(व्यक्ति, स्त्री, नहरें, पंखे, बच्चा, कन्याएँ, लोग, पानी)

| | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|
| क) | व्यक्ति | नहरें |
| ख) | स्त्री | पंखे |
| ग) | बच्चा | कन्याएँ |
| घ) | पानी | लोग |
| ङ) | दूध | आँसू |

6 दिए गए शब्दों में सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ -

'बालक' का बहुवचन होगा - (अ) बालक ✓

वचन कितने प्रकार के होते हैं - (स) तीन ✓

'नायक' का बहुवचन होगा - (अ) नायक

3 - निम्नलिखित शब्दों को बहुवचन में बदलो -

| शब्द | बहुवचन | शब्द | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| पंक्ति | पंक्तियाँ | चिड़िया | चिड़ियाँ |
| ऋतु | ऋतुएँ | घोड़ी | घोड़ियाँ |
| | | कन्या | कन्याएँ |



"You can't cross the sea merely by standing and staring at the water." - Rabindranath Tagore

# पाठ 7
# कारक



निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो —

प्र॰क – कारक से आप क्या समझते हैं? उदाहरण देकर समझाओ।

उ॰ – किसी वाक्य में प्रयुक्त संज्ञा या सर्वनाम का उस वाक्य की क्रिया से जो संबंध होता है, उसे कारक कहते हैं; जैसे – राम ने रावण को बाण से मारा। इस वाक्य में 'राम' क्रिया करने वाले हैं। 'रावण' पर क्रिया का प्रभाव पड़ रहा है और 'बाण' क्रिया की पूर्ति का साधन है।

प्र॰ख – कारक के कितने भेद होते हैं? उनके नाम चिह्न सहित लिखो।

उ॰ – कारक के आठ भेद होते हैं —

| | कारक | चिह्न |
|---|---|---|
| 1) | कर्ता कारक | ने |
| 2) | कर्म कारक | को |
| 3) | करण कारक | से, के द्वारा |
| 4) | संप्रदान कारक | को, के लिए |
| 5) | अपादान कारक | से (अलग होने के अर्थ में) |
| 6) | संबंध कारक | का, की, के आदि |
| 7) | अधिकरण कारक | में, पर |
| 8) | संबोधन कारक | हे!, अरे! |

प्र॰ग – कर्म कारक तथा संप्रदान कारक में क्या अंतर है?

पाठ 7 का शेष

Date ___/___/______ Page No.: ______

उ० जिस संज्ञा या सर्वनाम पर क्रिया का फल पड़ता है, उसे कर्म कारक कहते है जबकि कर्म के दवारा कर्ता जिसे संतुष्ट करना चाहता है, वह संप्रदान कारक होता है। दोनो का चिह्न को है, लेकिन उसके प्रयोग में अंतर है।

उदाहरण - कर्म कारक -

मैंने शीला को पत्र लिखा

संप्रदान कारक -

राजा ब्राह्मण को दान देता है।

संप्रदान कारक में देने का भाव होता है।

2 सही मिलान करो।

| कारक | चिह्न |
| --- | --- |
| क) करण कारक | को, के लिए |
| ख) संबंध कारक | से, के दवारा |
| ग) कर्ता कारक | का, की, के |
| घ) संप्रदान कारक | ने |



Chitra
"You can't cross the sea merely by standing and staring at the water." —Rabindranath Tagor

3. रेखांकित शब्दों में कारक बताओ–

| वाक्य | कारक |
|---|---|
| (क) पेड़ पर चिड़िया बैठी है। | आधिकरण कारक |
| (ख) मैंने भिखारी को पैसे दिए। | संप्रदान कारक |
| (ग) बालक विद्यालय से आते हैं। | अपादान कारक |
| (घ) श्याम का भाई अति बुद्धिमान है। | संबंध कारक |
| (ङ) वह गेंद से खेल रही है। | करण कारक |

4. उचित विकल्पों का चयन करके रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–

(क) उसने पेंसिल ___से___ चित्र बनाया। (को/से)

(ख) कृष्ण ने अर्जुन ___को___ गीता ___का___ उपदेश दिया। (को/का, का/के लिए)

(ग) राजा निर्धन ___को___ धन देता है। (की/को)

(घ) फल की टोकरी मेज़ ___पर___ रखी है। (पर/में)

(ङ) शंकर गाँव ___से___ शहर गया। (को/से)

5. दिए गए प्रश्नों में सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ–

(क) कारक के कितने भेद होते हैं?

(अ) छः ☐ (ब) सात ☐ (स) आठ ☑

(ख) 'हिमालय से गंगा निकलती है।', इस वाक्य में रेखांकित शब्द में कौन-सा कारक है?

(अ) करण कारक ☐ (ब) कर्म कारक ☐ (स) अपादान कारक ☑

(ग) संप्रदान कारक का चिह्न है–

(अ) ने ☐ (ब) के द्वारा ☐ (स) के लिए ☑

(घ) अधिकरण कारक का चिह्न है–

(अ) में, पर ☑ (ब) से, के द्वारा ☐ (स) को, के लिए ☐

# पाठ 8
# सर्वनाम

Date __/__/____ Page No.: ______

(1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

(क) सर्वनाम की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो-

उ॰ संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द, सर्वनाम कहलाते हैं; जैसे - वह, तुम, मैं, हमारा, तुम्हारा आदि।

प्र॰ख) सर्वनाम कितने प्रकार के होते हैं? उनके नाम लिखो -

उ॰ सर्वनाम छः प्रकार के होते हैं -

(i) पुरुषवाचक सर्वनाम
(ii) निश्चयवाचक सर्वनाम
(iii) अनिश्चय वाचक सर्वनाम
(iv) संबंधवाचक सर्वनाम
(v) प्रश्नवाचक सर्वनाम
(vi) निजवाचक सर्वनाम

प्र॰ग - पुरुषवाचक सर्वनाम को परिभाषित करते हुए उसके भेदों के नाम लिखो -

उ॰ - जिस सर्वनाम शब्द से कहने वाले, सुनने वाले या अन्य व्यक्ति के बारे में बोध हो उसे पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं।

पुरुष वाचक सर्वनाम तीन प्रकार के होते हैं -

(i) उत्तम पुरुष
(ii) मध्यम पुरुष
(iii) अन्य पुरुष

"You have to take the calculated risk, to earn something." —Dhirubhani Ambani

Date ___/___/______ Page No.: ______

प्र० घ) – निश्चयवाचक और अनिश्चयवाचक सर्वनामों में अंतर स्पष्ट कीजिए –

उ० – जिस सर्वनाम शब्द से किसी निश्चत व्यक्ति या वस्तु का बोध हो, उसे निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं जबकि जिस सर्वनाम शब्द से किसी व्यक्ति या वस्तु का निश्चित ज्ञान न हो, उसे अनिश्चय वाचक सर्वनाम कहते हैं।

उदाहरण – निश्चयवाचक सर्वनाम –
यह मेरी पुस्तक है।
अनिश्चयवाचक सर्वनाम –
कोई गाना गा रहा है।

प्र० ङ० – पुरुषवाचक सर्वनाम के सभी भेदों की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो –

(I) उत्तम पुरुष – जिन सर्वनामों का प्रयोग बोलने वाला तथा लिखने वाला अपने लिए करता है, वे उत्तम पुरुष सर्वनाम कहलाते हैं; जैसे मैं, हम, हमसब आदि।

(II) मध्यम पुरुष – जिन सर्वनामों का प्रयोग जिससे बात की जाए उसके लिए होता है, वे मध्यम पुरुष सर्वनाम होते हैं; जैसे आप, तुम, तुम्हारा आदि।

(III) अन्य पुरुष – जिन सर्वनामों का प्रयोग अन्य व्यक्तियों के लिए किया जाता है, वे अन्य पुरुष सर्वनाम कहलाते हैं; जैसे वह, वे, उसका, उनका आदि।

"You can't cross the sea merely by standing and staring at the ... – Rabindranath Tagore"

2. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन करके रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) जैसा करोगे वैसा भरोगे। (जो/सो, जैसा/वैसा)

(ख) कोई गा रहा है। (कोई/कौन)

(ग) कोई आया है। (कौन/कोई)

(घ) यह खिलौना मेरे पिता जी लाए। (मेरे/हमारे)

(ङ) तुम अपना काम स्वयं करो। (आपका/अपना)

3. निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम चुनो–

(क) तुम्हें कहाँ जाना है? तुम्हें, कहाँ

(ख) अपनी सुरक्षा स्वयं करें। अपनी, स्वयं

(ग) कुछ पाने के लिए कुछ खोना पड़ता है। कुछ, कुछ

(घ) यह तुम्हारी पुस्तक है। यह, तुम्हारी

(ङ) वहाँ कुछ दिखाई दे रहा है। वहाँ, कुछ

4. दिए गए प्रश्नों में सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ–

(क) 'तुम्हारा' सर्वनाम का पुरुष है–
- (अ) अन्य पुरुष ☐
- (ब) मध्यम पुरुष ☑
- (स) उत्तम पुरुष ☐

(ख) जो सर्वनाम कर्ता के साथ अपनेपन का भाव प्रकट करें, उन्हें कहते हैं–
- (अ) संबंधवाचक सर्वनाम ☐
- (ब) निजवाचक सर्वनाम ☑
- (स) पुरुषवाचक सर्वनाम ☐

(ग) जिन सर्वनामों का प्रयोग अन्य व्यक्तियों के लिए किया जाता है–
- (अ) उत्तम पुरुष ☐
- (ब) मध्यम पुरुष ☐
- (स) अन्य पुरुष ☑

(घ) जो सर्वनाम प्रश्न पूछने के लिए प्रयोग किए जाते हैं–
- (अ) पुरुषवाचक सर्वनाम ☐
- (ब) प्रश्नवाचक सर्वनाम ☑
- (स) निश्चयवाचक सर्वनाम ☐

पाठ 9
# विशेषण

Date ___/___/______ Page No.: ______

(1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो

प्र० क- विशेषण किसे कहते है ? उसके कितने भेद होते हैं ?

उ०- संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को विशेषण कहते है; जैसे सुंदर, हल्का, पीला, लंबा आदि ।
विशेषण के चार भेद होते हैं -
1. गुणवाचक विशेषण
2. संख्यावाचक विशेषण
3. परिमाण वाचक विशेषण
4. सार्वनामिक विशेषण

प्र० ख - विशेषण के सभी भेदों की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो -

उ०- 1- गुणवाचक विशेषण - संज्ञा या सर्वनाम के गुण या दोष का बोध कराने वाले शब्द गुणवाचक विशेषण कहलाते है; जैसे - वह दयावान है ।

2 संख्यावाचक विशेषण -
संज्ञा या सर्वनाम की संख्या का बोध जिस विशेषण द्वारा होता है, उसे संख्यावाचक विशेषण कहते है ; जैसे -
1.) पाँच, दस, पाँचवा
2) कुछ, अनेक, थोड़ा

3) परिमाण वाचक विशेषण - जिस शब्द से

Chitra

Date __/__/____ Page No.: ______

किसी वस्तु की मात्रा (नाप, तौल आदि) का बोध हो, उसे परिमाण वाचक विशेषण कहते हैं ; जैसे - दो किलो दूध, थोड़ा दूध

५) सार्वनामिक विशेषण - जिन सर्वनामों का प्रयोग संज्ञा के पूर्व विशेषण के रूप में किया जाता है, वे सार्वनामिक विशेषण कहलाते हैं। जैसे - वह लड़का खेल रहा है।

प्र० 3) विशेषण की तुलना कितने प्रकार से की जाती है ? उदाहरण सहित समझाओ ।

उ०- विशेषण की तुलना तीन प्रकार से की जाती है-

i) मूलावस्था - उदाहरण - रमेश सुंदर बालक है।

ii) उत्तरावस्था - उदाहरण - दिनेश सुरेश से अधिक सुंदर है।

iii) उत्तमावस्था - उदाहरण - देवेश सभी छात्रों में सबसे अधिक बुद्धिमान है।

निम्नलिखित विशेषणों की उत्तरावस्था और उत्तमावस्था लिखो–

| शब्द | उत्तरावस्था | उत्तमावस्था |
| --- | --- | --- |
| (क) कुटिल | कुटिलतर | कुटिलतम |
| (ख) सूक्ष्म | सूक्ष्मतर | सूक्ष्मतम |
| (ग) लघु | लघुतर | लघुतम |
| (घ) तीव्र | तीव्रतर | तीव्रतम |
| (ङ) निकृष्ट | निकृष्टतर | निकृष्टतम |

3. निम्नलिखित शब्दों से विशेषण बनाओ–

| शब्द | विशेषण |
| --- | --- |
| (क) वर्ष | वार्षिक |
| (ख) बुद्धि | बौद्धिक, बुद्धिमान |
| (ग) हृदय | हार्दिक |
| (घ) देव | दैविक |
| (ङ) ग्राम | ग्रामीण |

4. निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण शब्दों को रेखांकित करो व उसके भेद लिखो–

(क) अनीता सौम्य लड़की है। गुणवाचक

(ख) कल यहाँ कुछ लोग आए थे। अनिश्चित संख्यावाचक

(ग) दो किलो दूध ले आओ। अनिश्चित परिमाण वाचक

(घ) वह दयावान है। गुणवाचक

(ङ) उसकी कमीज़ का रंग पीला है। गुणवाचक

5. दिए गए प्रश्नों में सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ–

(क) 'इतिहास' शब्द का विशेषण होगा–

(अ) इतिहासिक ☐ (ब) ऐतिहासिक ☑ (स) इतिहासी ☐

(ख) जब विशेषण की किसी से तुलना नहीं होती है तब–

(अ) उत्तरावस्था ☑ (ब) मूलावस्था ☐ (स) उत्तमावस्था ☐

(ग) 'उच्चतर' शब्द विशेषण की अवस्था है–

(अ) मूलावस्था ☐ (ब) उत्तरावस्था ☑ (स) उत्तमावस्था ☐

पाठ 10

क्रिया

Date ___/___/______ Page No.: ______

1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो :-

प्र०क - क्रिया की परिभाषा उदाहरण सहित दो-

उ०- जिन शब्दों से किसी कार्य के करने तथा होने का बोध हो, उसे क्रिया कहते है; जैसे लिखना, पढ़ना, खेलना आदि।

प्र०ख - रचना अथवा कर्म के आधार पर क्रिया के कितने भेद होते हैं?

उ०- रचना अथवा कर्म के आधार पर क्रिया के दो भेद होते हैं—

(1) सकर्मक क्रिया

(2) अकर्मक क्रिया

प्र०ग - सकर्मक क्रिया किसे कहते है? उदाहरण सहित समझाओ।

उ० सकर्मक का अर्थ है- कर्म सहित। जिस वाक्य में क्रिया का फल सीधा कर्म पर पड़े, वह सकर्मक क्रिया कहलाती है। जैसे -रमेश पुस्तक पढ़ता है।

प्र०घ - पूर्वकालिक क्रिया से क्या तात्पर्य है? उदाहरण देकर स्पष्ट करो।

उ०- मुख्य क्रिया से पहले होने वाली क्रिया पूर्वकालिक क्रिया कहलाती है। इसका निर्माण धातु में 'कर' प्रत्यय लगाने से होता है।

जैसे — कविता स्कूल से आकर खेलेगी।

Chitra

"You have to take the calculated risk, to earn something." —Dhirubhani Ambani



# आपने क्या सीखा?

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–**

(क) क्रिया की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

(ख) रचना अथवा कर्म के आधार पर क्रिया के कितने भेद होते हैं?

(ग) सकर्मक क्रिया किसे कहते हैं? उदाहरण सहित समझाओ।

(घ) पूर्वकालिक क्रिया से क्या तात्पर्य है? उदाहरण देकर स्पष्ट करो।

**2. सही क्रिया भेद पर (✓) का चिह्न लगाओ–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | नहाकर | – पूर्वकालिक | प्रेरणार्थक |
| (ख) | भिजवाना | – संयुक्त | प्रेरणार्थक |
| (ग) | अपनाना | – नामधातु क्रिया | पूर्वकालिक |
| (घ) | नाचती है | – अकर्मक | सकर्मक |
| (ङ) | पढ़वाना | – प्रेरणार्थक | नामधातु |

**3. वाक्यों में से क्रिया-शब्द छाँटकर लिखो–**

(क) शंकर किताब पढ़ रहा है। ____________

(ख) मोर नाचता है। ____________

(ग) चिड़ियाँ चहचहाती हैं। ____________

(घ) बालक पढ़कर सो गया। ____________

(ङ) वाल्मीकि ने रामायण लिखी। ____________

**4. दिए गए प्रश्नों में सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ–**

(क) क्रिया के मूल शब्द को कहते हैं–

(अ) रचना (ब) धातु (स) शब्द

(ख) 'लज्जा' शब्द को नामधातु क्रिया में बदलने पर रूप होगा–

(अ) लजाना (ब) लज्जाना (स) लजवाना

(ग) मुख्य क्रिया से पहले होने वाली क्रिया कहलाती है–

(अ) संयुक्त (ब) पूर्वकालिक (स) प्रेरणार्थक

(घ) वाक्य में दो या दो से अधिक धातुओं के मेल से बनी क्रिया कहलाती है–

(अ) संयुक्त (ब) नामधातु (स) सकर्मक

1 कहानी - 1 'समय का मूल्य' 2 'दीनों पर दया'



2 पत्र - औपचारिक पत्र
पत्र नं. 1, 2, 3

3 निबंध - 1. सी. एन. जी.
2. वन में जीवन निहित है
3. दैनिक जीवन में विज्ञान
4. प्रदूषण की समस्या और समाधान
5. छात्रों में व्याप्त अनुशासनहीनता
6. कंप्युटर के बढ़ते चरण
7. परहित सरिस धर्म नहिं भाई

4 विलोम शब्द - पेज-98 अमृत से पेज 99-क्रोध तक

5 पर्यायवाची शब्द - पेज-101 अमृत से
पेज-102 पक्षी तक

6 अनेकार्थी शब्द - पेज-105 अंक से
पेज-106 डूबना तक

7 वाक्यांश के लिए एक शब्द -
पेज नं. 108 - जिसका अंत न हो -
पेज नं. - 109 - जो किए जाने या करने योग्य हो तक

8 मुहावरे - 1. 'अंक भरना' से - 29. 'उल्टी गंगा बहाना' तक

9 लोकोक्तियाँ - 1. 'अधजल गगरी छलकत जाय' से - 22 'एक अनार सौ बीमार' तक